पंचदश बिहार विधान सभा

चतुर्दश सत्र

दैनिक विवरणिका

संख्या-18 मंगलवार, दिनांक- 22 जुलाई, 2014 ई० ।

माननीय अध्यक्ष, श्री उदय नारायण चौधरी की अध्यक्षता में सभा की बैठक प्रारंभ हुई ।

समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 12.45 बजे अप० तक

[1] प्रश्नोत्तरकाल :-

(i) 01 अल्पसूचित प्रश्न उत्तरित ।

(ii) 01 अल्पसूचित प्रश्न क्रम सं०-26 का चलते सत्र में उत्तर के लिए समय लिया गया ।

(iii) 08 तारांकित प्रश्न उत्तरित ।

(iv) 01 तारांकित प्रश्न अपृष्ट ।

(v) 61 तारांकित प्रश्न अनागत ।

[2] कार्यस्थगन :-

माननीय सदस्य श्री प्रेम कुमार एवं अन्य तीन सभासदों से प्राप्त कार्यस्थगन की सूचना नियमानुकूल नहीं रहने के कारण अमान्य किये जाने की घोषणा आसन से की गई ।

[3] अन्य चर्चाएँ :-

माननीय नेता प्रतिपक्ष द्वारा कोशी त्रासदी पर गठित न्यायिक जाँच आयोग के प्रतिवेदन को सदन के समक्ष रखने हेतु सरकार से मांग की गई ।

माननीय मुख्यमंत्री द्वारा कहा गया कि चलते सत्र में प्रतिवेदन सदन में रखा जाएगा ।

[4] शून्यकाल :-

शून्यकाल की सूचनान्तर्गत निम्नांकित माननीय सदस्यों द्वारा राज्य के विभिन्न समस्याओं की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट किया गया -

(i) श्रीमती पूनम देवी यादव
(ii) श्री अरूण शंकर प्रसाद
(iii) श्री चितरंजन कुमार
(iv) श्री प्रदीप कुमार
(v) श्री राजकुमार राय
(vi) श्री राजेश्वर राज
(vii) श्री राम नरेश प्रसाद यादव
(viii) श्री प्रेम कुमार

(ix)	श्री तारकिशोर प्रसाद	(x)	डा० अच्युतानन्द
(xi)	श्री ललन राम	(xii)	डा० दाउद अली
(xiii)	श्री जनक सिंह	(xiv)	डा० इजहार अहमद
(xv)	श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह		

[5] **वित्तीय कार्य :-**

माननीय प्रभारी मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी द्वारा वित्तीय वर्ष 2014-2015 के प्रथम अनुपूरक व्यय विवरणी को सदन पटल पर रखा गया ।

[6] **ध्यानाकर्षण सूचनाएँ :-**

(i) माननीय सदस्य श्री अम्बिका प्रसाद एवं अन्य सभासदों का दिनांक 18.07.2014 से स्थगित जल संसाधन विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना का उत्तर माननीय मंत्री जल संसाधन विभाग द्वारा दिया गया ।

(ii) माननीय सदस्य श्री अरूण शंकर प्रसाद एवं अन्य सभासदों का निबंधन, उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य द्वारा पढ़ा गया तथा माननीय मंत्री निबंधन, उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग द्वारा इसका उत्तर दिया गया ।

(iii) माननीय सदस्य डा० प्रमोद कुमार का पथ निर्माण विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य द्वारा पढ़ा गया तथा माननीय मंत्री पथ निर्माण विभाग द्वारा इसका इसका उत्तर दिया गया ।

भोजनावकाश के बाद

समय- 2.00 बजे अप० से 04.00 बजे अप० तक ।

[7] **विधायी कार्य :- राजकीय (वित्तीय) विधेयक :- ''बिहार विनियोग (संख्या-2) विधेयक, 2014''**

माननीय मंत्री वित्त विभाग श्री विजेन्द्र प्रसाद यादव द्वारा सदन की सहमति से विधेयक सदन में पुरःस्थापित हुआ तथा विधेयक पर विचार का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया ।

विधेयक पर विचार के प्रस्ताव की स्वीकृति उपरांत खण्डशः विचार के क्रम में बारी-बारी से सभी खण्ड विधेयक के अंग बने ।

माननीय मंत्री वित्त विभाग द्वारा विधेयक के स्वीकृति का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया । विधेयक के स्वीकृति के प्रस्ताव पर वाद-विवाद में निम्नांकित माननीय सदस्यों ने भाग लिया :-

(i) श्री प्रेम कुमार

(इस अवसर पर अध्यासी सदस्य श्री हरिनारायण सिंह ने आसन ग्रहण किया)

(ii)	श्री रामेश्वर पासवान	(iii)	श्री दुर्गा प्रसाद सिंह
(iv)	श्री तौफिक आलम	(v)	श्री विनोद नारायण झा
(vi)	श्री प्रदीप कुमार		

(इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

माननीय मंत्री वित्त विभाग श्री विजेन्द्र प्रसाद यादव द्वारा वाद-विवाद का उत्तर दिया गया ।

''सरकार के उत्तर से असंतुष्ट होकर भाजपा के माननीय सदस्यगण सदन से बहिर्गमन कर गए ।''

सदन द्वारा विधेयक ध्वनिमत से पारित हुआ ।

[8] **निवेदन :-**

आसन से घोषणा की गई कि आज के लिए स्वीकृत कुल 20 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिए जाएगें ।

तत्पश्चात् सभा की बैठक बुधवार, दिनांक 23 जुलाई, 2014 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना

दिनांक-22.07.2014

हरेराम मुखिया
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।